।। कार्यालय पुलिस आयुक्त, जोधपुर ।।

क्रमांक : पु.आ.-जोध/आविशा/संग/2026/ 71 दिनांक : 07.01.2026

-:: आदेश ::-

(निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023)

मुझे अवगत कराया गया है कि जोधपुर आयुक्तालय क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों में ड्रोन का उपयोग काफी बढ़ चुका है।

विभिन्न सुरक्षा ऐजेन्सियों द्वारा जारी अलर्ट से भी यह ध्यान में आया है कि आतंकी संगठनों एवं असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रोन के उपयोग से देश की सुरक्षा-व्यवस्था को प्रभावित किया जा सकता है।

जोधपुर आयुक्तालय क्षेत्र सामरिक एवं ऐतिहासिक रूप के साथ-साथ सैन्य रूप से भी काफी संवेदनशील क्षेत्र है। जिस कारण वर्तमान में विभिन्न कार्यक्रमों में हो रहे ड्रोन के संचालन/उपयोग को नियंत्रित किया जाना नितान्त आवश्यक है। इस हेतु पुलिस आयुक्तालय जोधपुर क्षेत्र में ड्रोन संचालकों/उपयोगकर्त्ताओं को बाध्य/पाबन्द करना युक्तियुक्त है।

उक्त परिस्थितियों से मेरा समाधान हो गया है एवं मैं सन्तुष्ट हूँ कि जोधपुर आयुक्तालय में आगामी दिनों में वीआईपी यात्रा एवं आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह-2026 पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की जावे।

अतः मैं ओम प्रकाश, पुलिस आयुक्त जोधपुर, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जोधपुर आयुक्तालय के सम्पूर्ण पुलिस थाना क्षेत्र में निम्न आदेश प्रसारित करता हूँ कि :-

कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व अनुमति के जोधपुर आयुक्तालय के सम्पूर्ण क्षेत्र में ड्रोन एवं किसी प्रकार के फ्लाईंग ऑबजेक्ट का संचालन/उपयोग नहीं करेगा। जोधपुर आयुक्तालय के सम्पूर्ण क्षेत्र में ड्रोन एवं किसी प्रकार के फ्लाईंग ऑबजेक्ट का संचालन/उपयोग करने से पूर्व सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेनी होगी।

यह आदेश आगामी दिनों में होने वाले वीआईपी यात्रा व आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह-2026 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए देश की सुरक्षा एवं मानव जीवन व लोक-व्यवस्था की सुरक्षा हेतु लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध होने की स्थिति को निवारित करने के लिए उपर्युक्त वर्णित आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के कारण लोकहित में तत्काल प्रभाव से जारी किया जाता है एवं उन व्यक्तियों के विरूद्व यह आदेश निर्दिष्ट है, पर सूचना की तामील सम्यक् रूप से कराने की गुंजाईश नहीं है। इसलिए यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है।

0291-2650900 ☎, 2650903 🖷, cp-jodhpur-rj@nic.in✉, CP Jodhpur(facebook), @cp_jodhpur(Twitter), PIN-342003

चूंकि इस नोटिस को सभी को व्यक्तिगत रूप से तामील नहीं कराया जा सकता है, अतः आदेश को बड़े पैमानें पर जनता की जानकारी के लिए प्रचारित किया जावे। इस नोटिस को समाचार पत्रों, रेडियों, टी.वी. के माध्यम से और सभी कार्यालय (पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, तहसील एवं सभी पुलिस थाना) के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर प्रकाशित किया जाकर सार्वजनिक किया जाए।

मैं सभी को इस आदेश की पालना करने तथा अवहेलना नहीं करने के निर्देश देता हूँ। इस आदेश की अवहेलना या उल्लघंन करने वाले व्यक्ति या संचालन/प्रबन्धन करने वाले व्यक्तियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य विधिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

यह आदेश दिनांक 08.01.2026 से लागु होकर दिनांक 31.01.2026 तक या इससे पूर्व निरस्त किये जाने पर उस दिनांक तक प्रभावशील रहेगा।

यह आदेश आज दिनांक 07.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा से जारी किया जाता है।

COMMISSIONER OF POLICE ★ JODHPUR (RAJASTHAN) ★ सत्यमेव जयते

(ओम प्रकाश)
पुलिस आयुक्त
जोधपुर

पुलिस आयुक्त
जोधपुर

प्रतिलिपिः निम्न को सादर सूचनार्थ –

1. अति मुख्य सचिव, गृह, राजस्थान, जयपुर
2. प्रमुख शासन सचिव, गृह विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान जयपुर।
4. महानिदेशक पुलिस, इंटेलिजेन्स, राजस्थान जयपुर
5. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था, राजस्थान जयपुर।
6. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एसओजी राजस्थान जयपुर (आयुक्तालय प्रभारी)
7. संम्भागीय आयुक्त, जोधपुर।
8. जिला कलक्टर, जोधपुर।
9. पुलिस उपायुक्त पूर्व/पश्चिम/मुख्यालय एवं यातायात/अपराध, आयुक्तालय जोधपुर।
10. समस्त अतिरिक्त पुलिस उपायुक्तगण, आयुक्तालय जोधपुर।
11. समस्त सहायक पुलिस आयुक्तगण, आयुक्तालय जोधपुर को पालनार्थ।
12. समस्त थानाधिकारीगण, आयुक्तालय जोधपुर को पालनार्थ।
13. प्रभारी, पुलिस नियन्त्रण कक्ष/अभय कमाण्ड कंट्रोल सेन्टर, आयुक्तालय जोधपुर।
14. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर को स्थानीय समाचार पत्रों/मीडिया चैनल में प्रचार-प्रसार हेतु।
15. नोटिस बोर्ड, कार्यालय आयुक्तालय जोधपुर।

पुलिस आयुक्त
जोधपुर

पुलिस आयुक्त
जोधपुर

0291-2650900 ☎, 2650903 🖷, cp-jodhpur-rj@nic.in✉, कार्यालय पुलिस आयुक्त, जोधपुर- 342001